विज्ञापन संख्या :07 / 2021

निविदा सूचना।

बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर स्थित वॉच टॉवर संख्या–05 के बगल के तालाब में मछली पालन किया जा रहा है। तालाब के एरिया के अनुकुल मछलियों की संख्या अधिक एवं बडे–बडे होने (करीब प्रत्येक मछली 2–6 किलोग्राम के आसपास है) के कारण कुछ मछलीयां मर रही है एवं सडी पडी है जिसके कारण अकादमी परिसर में सडी मछलियों से गंभीर बिमारी फैलने की आशंका है। तालाब की एरिया **1100X115** स्कवायर फिट है, जिसमें तकरीबन 1000(एक हजार) किलोग्राम से अधिक मछली होने की सम्भावना अनुसार न्यूनतम बेस रेट 1,50,000 / – रूपया है। उक्त तालब में रेहु एवं बिकेट किस्म की मछली है। तालाब के मछली को पकडकर बेचने हेतु उक्त तालाब का खुली निविदा के माध्यम से आवंटन किया जाना है। इच्छुक निविदादाता इस संबंध में अपना निविदा डाल सकते हैं।

निविदा डालने की संक्षिप्त प्रकिया :–

01	निविदा डालने की अंतिम तिथि एवं समय	19/7/2021 समय 17:00 बजे
02	निविदा खोलने की तिथि एवं समय	20/7/2021 समय 11:00 बजे

1. सभी निविदादाता अपनी–अपनी निविदा पुलिस अधीक्षक सह सहायक निदेशक (प्रशासन) बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर के नाम से दिनांक–......19/7... के समय 17.00 बजे तक अपनी–अपनी निविदा बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर में निर्धारित निविदा बॉक्स में जमा कर सकते हैं।
2. निविदा में भाग लेने वाले निविदाकर्ता, निविदा खोलने की तिथि को बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर में स्वयं उपस्थित रहेंगे अथवा प्राधिकृत व्यक्ति को भेज सकते हैं, जो अपना पहचान पत्र भी साथ में रखेंगे।
3. निर्धारित समयावधि के बाद आने वाले निविदा को स्वीकार नहीं किया जायेगा।
4. निविदा में भाग लेने वाले निविदादाता के पास मछली पालन / वितरण का लाईसेंस होना अनिवार्य है।
5. निविदा में भाग लेने वाले निविदादाता मछली का बिकी स्वयं/अपनें कर्मीयों के द्वारा करना होगा।
6. निविदा में भाग लेने वाले निविदादाता के पास जी0एस0टी0 अपडेट होना अनिवार्य है।
7. निविदा में भाग लेने वाले निविदादाता के पास चरित्र प्रमाण–पत्र होना अनिवार्य है।
8. निविदा में मछलियों की बिकी हेतु बेस दर रेहु मछली के लिए 150 / – रू0 प्रति किलोग्राम तथा बिकेट मछली के लिए 130 / – रू0 प्रति किलोग्राम होगा। निविदा का चयन खुली माध्यम से किया जायेगा, जो निविदादाता अकादमी को सर्वोच्च लाभ देंगे उस निविदादाता को तालाब आवंटन किया जायेगा।
9. निविदा में चयन होने के उपरांत चयनित निविदादाता को तालाब आवंटन हेतु जमानत राशि के रूप में 25,000 / – रू अकादमी में जमा करनी होगी। पुलिस उप महानिरीक्षक सह उप निदेशक, बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर को निविदा में किसी शर्त का शिथिल करने / स्वीकृत करने / अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रहेगा।
10. निविदा में भाग लेने हेतु आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड की छायाप्रति लगाना अनिवार्य है।
11. यह निविदा सूचना एवं नियमावली अकादमी के वेवसाइट www.bpa.bihar.gov.in से डाउनलोड कर सकते हैं।

पुलिस अधीक्षक सह सहायक निदेशक(प्रशासन)
बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर।

बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर की परिसम्पति का अनुज्ञप्ति के आधार पर संचालन हेतु निविदा

लिफाफा नं0–1 प्रपत्र 'क'
<u>आवेदन पत्र का प्रपत्र</u>

पासपोर्ट साईज एक फाटो

1. दुकान एवं प्रकार
(जिसके लिए आवेदन दिया जा रहा है)

2. आवेदक का नाम :
(व्यक्ति / एंजेसी / फर्म इडिभिजुअल
संबंधित कागजात की प्रतिलिपि संलग्न करें)

3. पिता का नाम :

4. वर्तमान एवं स्थाई पता :
(दूरभाष सहित)

5. अनुभव / दक्षता :

तालाब आवंटन की शर्तें (तकनिकि बिड)

7. सभी निविदा कर्ता को प्रपत्र के साथ मछली पालन दुकान / प्रतिष्ठान का जी0एस0टी0 पंजीकरण प्रमाण पत्र एवं **GST** का अद्यतन छायाप्रति, पुलिस चरित्र सत्यापन रिपोर्ट, आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं आवासीय प्रमाण पत्र की छायाप्रति लगाना अनिवार्य है।
8. निविदाकर्ता को पूर्व सरकारी प्रतिष्ठानों / गैर सरकारी प्रतिष्ठान में सप्लाई / कार्य करने का अनुभव के बारे में देना चाहिए जो प्रपत्र कंडिका–5 में भरें (अनुभव प्रमाण पत्र की छायप्रति संलग्न करें)।
9. निविदाकर्ता को आयकर रिटर्न विगत तीन वर्षों का लगाना होगा।
10. निविदा में भाग लेने हेतु निविदाकर्ता को 1,000 / –(एक हजार) **(Non-refundable)** रूपये का पुलिस उप महानिरीक्षक सह उप निदेशक, बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर को भुगतेय बैंक ड्राफ्ट जो राजगीर स्थित किसी बैंक में भुगतान किया जा सके, जमा करना होगा।
11. निविदाकर्ता का अन्डरटेंकिंग :

- मेरे द्वारा निविदा नियमावली एवं अन्य नियम तथा शर्त अच्छी तरह पढनें / समझने के उपरांत यह आवेदन दिया जा रहा है। अकादमी द्वारा निर्धारित सभी नियमों / शर्तों के अनुसार आवंटित तालाब की संचालन व्यवस्था सुनिश्चित करनें का आश्वासन देता हूँ।
- मेरे द्वारा इस आवेदन में भरे गये सभी तथ्य / संलग्न अभिलेख तथा प्रमाण पत्र मेरी जानकारी के अनुसार सत्य एवं सही है। निविदा में किसी स्तर पर गलत पाये जाने पर अकादमी यथोचित आवश्यक कार्यवाही हेतु स्वतंत्र होगी।

आवेदक का हस्ताक्षर